निर्देश. विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम की बैठक

प्रवासियों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने को चले अभियान

- बीएलओ को छोटे-छोटे ग्रुप में बैठक करने का दिया निर्देश
- कहा- मतदाता सूची को अद्यतन करने की हो कार्रवाई

प्रतिनिधि ▷ डुमरा

संभावित बिहार विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीएम अभिलाषा कुमारी शर्मा ने सभी सहायक निर्वाचन निबंधन अधिकारियों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने सहायक निर्वाचन निबंधन अधिकारी सह बीडीओ को निर्देश दिया कि निर्वाचन की तैयारी में पूरी गंभीरता से लग जाएं व बीएलओ को पूरी तरह से एक्टिवेट कर नियमित रूप से बैठक करें. उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर छोटे-छोटे ग्रुप में बीएलओ की बैठक करें. साथ ही नियमित रूप से सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक करें. उन्होंने सेक्टर अधिकारियों की सूची अविलंब जिला निर्वाचन शाखा को उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया, ताकि उनका प्रशिक्षण आयोजित किया जा सके.

बैठक मे शामल डीएम अभिलाषा कुमारी शर्मा व अन्य.

डीएम ने निर्देश देते हुए कहा की यह सुनिश्चित करे की प्राप्त फॉर्म सात दिनों से अधिक किसी भी हाल में लंबित न रहे. साथ ही उन्होंने कहा कि प्राप्त फॉर्म का निष्पादन गुणवत्तापूर्ण करें. यदि किसी भी फॉर्म को रिजेक्ट करते है, तो रिजेक्शन का सही कारण होना चाहिए. डीएम ने कहा की जिन प्रवासियों का नाम मतदाता सूची में नहीं है उनके नाम को मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाना है. इसको लेकर सभी मतदान केंद्र स्तर पर विशेष अभियान चलाए. साथ ही सभी बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची को अद्यतन करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें. इस मौके पर डीडीसी प्रभात कुमार, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार, सदर एसडीओ कुमार गौरव, पुपरी एसडीओ धनंजय कुमार, बेलसंड एसडीओ रामानुज प्रसाद सिंह, उप निर्वाचन अधिकारी विनोद कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी प्रभात भूषण व डीसीएलआर संजय कुमार समेत अन्य अधिकारी शामिल थे.

प्रभात खबर
Tue, 11 August 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/54133717